## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने शासकीय सेवकों को दिलाई सुशासन की शपथ



**शहडोल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करने हेतु उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा, और शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा, प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों ने सुशासन की शपथ ली।

### शस्त्र लाइसेंस निलंबित, थाना क्षेत्र में जमा कराने के आदेश

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. केदार सिंह ने ग्राम पंचायत चाका (जनपद पंचायत बुढार) में सरपंच पद के रिक्त स्थान हेतु होने वाले उप-निर्वाचन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी होते ही लोकशांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयुध अधिनियम के तहत निर्वाचन क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञापत्रों (आर्म्स लाइसेंस) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, चाका ग्राम पंचायत के सभी शस्त्र लाइसेंसधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आग्नेयास्त्र तुरंत निकटतम थाने में जमा कराएं। यह निलंबन निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान शस्त्रों के दुरुपयोग से लोकशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, यह आदेश सुरक्षा हेतु सार्वजनिक एवं निजी प्रतिष्ठानों के लिए स्वीकृत शस्त्रों पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### इधर लाईन में पदस्थ एएसआई लगे रहे जमानत में

# अतुल की 52 परीः वर्दी पर सजाएं मरे सांप के सितारे

### रसूखदार जुआरी ने पुलिस से दर्ज करा दी झूठी एफआईआर

**शहडोल।** आधा करोड़ के जुआं ठीहे से पहले ही पुलिस ने रसूखदार जुआंरियों को गिरफ्तार कर 27 हजार जब्त किये और खुद की पीठ स्वयं ही थप-थपा ली। फड़ के सरगना तो हाथ नहीं लगे, वहीं नामचीन जुआरी ने पुलिस को चकमा देकर एफआईआर में झूठा नाम दर्ज करवा दिया, रही सही कसर तहसील कार्यालय में जमानत के दौरान लाईन के एएसआई ने साथ निभाकर पूरी कर दी। मंगलवार की देर शाम सिंहपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत केरहा के चल रही भालूमाड़ा के अतुल के जुआं फड़ पर दबिश दी, लेकिन ठीहे पर पहुंचने से पहले ही पुलिस को लगा कि उसने किला जीत लिया है। तीन लग्जरी वाहन, 9 मोबाइल और 27 हजार नगद के साथ 11 लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया गया। इस मामले को बल तब मिल गया, जब कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं की सिफारिश होने लगी, सिंहपुर पुलिस ने अतिउत्साह में पकड़े गये जुआंरियों के नामों तक की पुष्टि नहीं की। बदमाशों की बदमाशी पर यकीन करते हुए उनसे पूछे गये नाम पर ही पुलिस ने एफआईआर काट दी और बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रेस नोट जारी कर दिया। मंगलवार की रात से ही ठीहा छोड़ रास्ते में पकड़े गये जुआरियों को लेकर सिंहपुर पुलिस खुद अपनी पीठ थप-थपाती रही और मरे हुए सांप के सितारे बनाकर दिन भर इतराती रही।

### अतुल सहित जुआरियों की टॉवर लोकेशन

अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले नामचीन फड़ संचालक अतुल कार्यवाही के दौरान सिंहपुर में अपने शार्गिदों के साथ नजर आया, अनूपपुर का मिंटू चतुर्वेदी और आदेश तथा दर्जनों जुआंरी सिंहपुर के टॉवर लोकेशन में बीते 5 दिनों से यहां के बाजार की चाट और भजिया खाने आ रहे थे। केरहा के जिस स्थान पर जुआं चल रहा था, वहां 60 से 70 लाख रूपये से अधिक के दांव अलग-अलग जुआंरी लगा रहे थे। कार्यवाही के बाद देर रात तक दर्जनों बाहर के जुआंरी सिंहपुर थाना के आस-पास टॉवर लोकेशन में क्या कर रहे थे, ऐसे तमाम राज पुलिस की जांच में सामने आ सकते हैं, लेकिन यह सब नीयत और नियति पर टिका है।



### यह दर्ज किया एफआईआर में

पुलिस ने जिन 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की है, उनमें दिलीप सोनी पिता स्व. नागेश्वर प्रसाद सोनी, उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 31 किरन टॉकीज के पास शहडोल , आसिप अली पिता ताहिर अली उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 28 ईरानी मोहल्ला शहडोल थाना कोतवाली, रज्जू पटेल उर्फ राजकुमार पटेल पिता लल्लवा पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम केरहा थाना सिंहपुर, सिराज उल्ला खान पिता अतीउल्ला खान उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 03 छोटी मस्जिद के पास, सोहागपुर, राजेश जेठानी उर्फ कालू पिता नरेश जेठानी उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 32 किरन टॉकीज के पीछे शहडोल, बीरेन्द्र मिश्रा पिता स्व. पारसनाथ मिश्रा उम्र 40 वर्ष निवासी पसान, थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर, अजीत दासवानी पिता विजय दासवानी उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17, राजेन्द्र टॉकीज के पास शहडोल, पुलिस ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी के साथ ही अन्य आरोपियों में रामजी शर्मा निवासी सिंहपुर, सुनील पटेल एवं संजय पटेल निवासी केरहा, फरीद खान एवं तरवेज खान निवासी खैरहा पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। थाना सिंहपुर में अपराध धारा जुआ एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया जाकर गिरफ्तारशुदा आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### बिना शिनाख्त एफआईआर

एक तरफ सिंहपुर पुलिस फड़ पर हुई कार्यवाही को लेकर खुशफहमी में थी, दूसरी तरफ जुआंरी भी पुलिस की एफआईआर को ही कटघरे में खड़े करते नजर आये। सिंहपुर पुलिस ने जिन 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज की, उसमें एक नाम राजेश जेठानी पिता नरेश जेठानी का दर्ज किया, यह नाम आरोपी के बताये अनुसार कल्पना पर दर्ज किया गया, बाद में यह तथ्य आये कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते समय दस्तावेजों और व्यक्ति शिनाख्त ठीक से नहीं की, खुद को राजेश बताने वाले का असली नाम मेघराज गेलानी पिता कुशल गेलानी निवासी किरण टॉकीज के पीछे शहडोल है, देर रात पुलिस ने इसकी पुष्टि तो की, लेकिन एफआईआर में दर्ज नाम को न तो सुधारा गया और न ही बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेसनोट में राजेश जेठानी का नाम विलोपित या बिना सुधार के ही जारी कर दिया गया।

### नाखुन काटकर दी शहादत

बीते सप्ताह भर से सिंहपुर थाना क्षेत्र के केरहा के जंगल में शहडोल सहित उमरिया और अनूपपुर जिले से बड़ी संख्या में जुआंरी पहुंच रहे थे, खबर है कि फड़ का संचालन भालूमाड़ा के अतुल द्वारा किया जाता रहा, मंगलवार की शाम पुलिस यदि फड़ तक पहुंच जाती तो, 50 लाख से ऊपर नगदी जब्त होती, छापे के बाद दर्जनों जुआंरी थाने क्षेत्र में मंडराते रहे और पुलिस जब्त तीन वाहनों की कीमत जोडक़र 27 हजार नगद राशि को 36 लाख 17 हजार बताती रही। जुआं के सरगना मौके से फरार हुए और कुछ की खबर टॉवर लोकेशन में छुपी हुई है।

### इनका कहना है...

मामला दर्ज कर लिया है, अन्य की तलाश जारी है, मेघराज गेलानी ने खुद को राजेश जेठानी बताया था, इस कारण उसके खिलाफ धाराएं बढ़ाई जायेंगी, इससे पहले भी मेघराज ने कोतवाली में गिरफ्तारी के दौरान अपना गलत नाम बताया था। जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

**एम.एल. रहंडाले**
**थाना प्रभारी**
**सिंहपुर**

### 26 दिसम्बर वीर बाल दिवस पर होगा नाट्य मंचन

# मोहाली के कलाकार प्रस्तुत करेंगे नाटक सफर-ए शहादत

**शहडोल।** सिखों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे अजीत सिंह,जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान पर वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस चार साहेबजादों की वीरता, साहस और बलिदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है। उन्होंने बहुत कम उम्र में अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को 2025 शाम 5:30 बजे पांडव नगर शहडोल स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के पंजाबी साहित्य अकादमी एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहडोल के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। वीर बाल दिवस पर तालगुरु प्रोडक्शन मोहाली की प्रस्तुति सफर ए शहादत लाइट एवं साउंड नाट्य मंचन किया जाएगा। इसका निर्देशन तलविंदर सिंह भुल्लर ने किया है। यह कार्यक्रम हिंदी भाषा मे होगा। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहडोल के अध्यक्ष बलविंदर सिंह भोगल ने शहडोल के सभी नागरिकों से अपील की है की वीर बाल दिवस के कार्यकम में 26 दिसम्बर शाम 5:30 बजे सरस्वती स्कूल पांडव नगर अवश्य आए।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस: सजग उपभोक्ता ही सुरक्षित उपभोक्ता



### कलेक्टर ने दी आई.एस.आई. और एगमार्क वस्तुएं खरीदने की सलाह

**शहडोल।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सोन सभागार में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### गुणवत्ता से न करें समझौता

कलेक्टर ने कहा कि उपभोक्ता कोई भी वस्तु खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता और कीमत की पूरी जानकारी लें। उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि हमेशा सुरक्षा मानकों वाले आई.एस.आई. मार्क एवं एगमार्क उत्पाद ही खरीदें। डॉ. सिंह ने जोर देकर कहा कि खरीदारी के बाद दुकानदार से पक्का बिल, कैश मेमो और गारंटी-वारंटी कार्ड अवश्य प्राप्त करें, जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर और मुहर हो।

### जानें अपने 6 मौलिक अधिकार

जिला उपभोक्ता संरक्षण सदस्य राजेंद्र द्विवेदी ने उपभोक्ताओं को प्राप्त छह प्रमुख अधिकारों— सुरक्षा, चयन, सूचना, क्षतिपूर्ति, सुनवाई और उपभोक्ता शिक्षा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सलाह दी कि पैकेट बंद सामान खरीदते समय एक्सपायरी डेट (अंतिम तिथि) की जांच जरूर करें। कार्यशाला में नागरिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को शोषण से बचाना और उन्हें जागरूक बनाना रहा।

# 30 दिसंबर से रामपुर बटुरा खदान का होगा पूर्ण चक्काजाम

### प्रबंधन को दी खुली चेतावनी

**शहडोल।** रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना अब एक बार फिर विवादों के घेरे में है। लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए प्रबंधन और प्रशासन के चक्कर काट रहे विस्थापित और प्रभावित किसानों ने अंतिम फैसला सुना दिया है। किसानों ने दो टूक शब्दों में घोषणा की है कि यदि उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हुआ, तो 30 दिसंबर 2025 से खदान का संचालन अनिश्चितकाल के लिए पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इस संबंध में 24 दिसंबर को महाप्रबंधक , उप क्षेत्रीय प्रबंधक और थाना प्रभारी को लिखित सूचना सौंपकर आगाह कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि अब उन्हें समझौता नहीं, बल्कि समाधान चाहिए।



### तारीख नहीं रोजगार चाहिए

किसानों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा बार-बार बैठकें बुलाई जाती हैं, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ अगली तारीख थमा दी जाती है। रोजगार और मुआवजे की फाइलें वर्षों से धूल फांक रही हैं। किसानों ने कुछ उदाहरण देते हुए अपनी व्यथा बयां की। बाबूलाल साहूः महज 0.001 एरिया के मुआवजे के लिए सालों से भटक रहे हैं। मुन्नी बैगाः पिछले 2 वर्षों से मोनेटरी राशि का भुगतान अटका हुआ है। बिहारी, बद्री और बाला साहः इनका रोजगार वर्षों से बिना किसी ठोस कारण के रोका गया है। आशीष गुप्ताः सजरा विवाद के नाम पर रोजगार की फाइल लंबित पड़ी है। इसके अलावा खसरा नंबर 329, 151, 143 सहित दर्जनों फाइलों का निराकरण कर तत्काल रोजगार देने की मांग की गई है।

### पुनर्वास और मुआवजे पर कड़ा रुख

किसानों की मुख्य मांग है कि जब तक संपूर्ण मकान मुआवजे का भुगतान एक साथ नहीं किया जाता, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही न्यू रामपुर बसाने के लिए प्रस्तावित जमीन को विकसित कर किसानों को ससम्मान विस्थापित करने की मांग उठाई गई है। आर एंड आर पॉलिसी के तहत मिलने वाले लाभों में हो रही देरी को लेकर भी गहरा रोष है।

### युद्ध का मैदान न बनाए प्रबंधन

किसानों ने प्रबंधन और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि खदान क्षेत्र को युद्ध का मैदान बनाना बंद करें। किसानों ने मांग की है कि स्थानीय लोगों की एक कमेटी बनाकर उन्हें संयोजन की जिम्मेदारी दी जाए। खदान में कार्यरत जय अंबे और सेलो ढोलू जैसी निजी कंपनियों में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता दी जाए। जो कर्मचारी मेडिकल अनफिट हो रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से सरफेस पर काम दिया जाए।

### जिम्मेदार होगा प्रशासन

किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने हक की लड़ाई अपने जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में लड़ेंगे। 30 दिसंबर से शुरू होने वाले इस आंदोलन के दौरान यदि कोयला उत्पादन या परिवहन प्रभावित होता है, तो इसकी समस्त जवाबदारी खदान प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। किसानों के इस सख्त तेवर ने एसईसीएल प्रबंधन की रातों की नींद उड़ा दी है।

# क्रिएटिव एग्जीबिशन में छात्रों ने बनाए प्रोजेक्ट

**शहडोल।** सतगुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों की रचनात्मक प्रवृत्ति को विकसित करने के उद्देश्य से क्रिएटिव एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्रों ने विविध विषयों एवं विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किये। प्रोजेक्ट के निर्माण में विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों का सहयोग किया साथ ही उसे प्रदर्शित करने का तरीका भी बताया। एग्जीबिशन में विद्यालय के नन्हे छात्रों ने टाइगर कंजर्वेशन पर आधारित प्रस्तुति दी। नर्सरी के नन्हे बच्चों ने जंगल का राजा शेर के कपड़े पहन कर टाइगर बचाओ का नारा लगाया। विद्यालय के छात्रों ने बताया कि हमें क्रिएटिव एग्जीबिशन में आकर बहुत अच्छा लगा। हम अगले बार नए विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट बनाकर लाएंगे। सतगुरु मिशन द्वारा आयोजित इस एग्जीबिशन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने दिए निर्देशः तकनीकी प्रशिक्षण और कैंपस सिलेक्शन के माध्यम से युवाओं को दिलाएं रोजगार

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विगत दिनों जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, पीएम विश्वकर्मा और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करें कार्ययोजना

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित उद्योगों और प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं का अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम ऐसे होने चाहिए जो स्थानीय उद्योगों की मांग को पूरा कर सकें। साथ ही, युवाओं को सीधे रोजगार से जोडऩे के लिए आईटीआई, पॉलीटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों में नियमित कैंपस सिलेक्शन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए।



### योजनाओं की प्रगति और लाभ

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना आईटीआई प्राचार्य ने बताया कि 18 से 29 वर्ष के युवाओं (12वीं, पॉलीटेक्निक या डिग्रीधारी) को एक साल की इंटर्नशिप दी जाती है। इसमें स्टाइपेंड की 75प्रतिशत राशि शासन और 25 प्रतिशत संस्थान द्वारा दी जाती है। जिले में अब तक 18 युवा लाभान्वित हो चुके हैं। पीएम विश्वकर्मा योजनाः पारंपरिक शिल्पकारों को कौशल उन्नयन के बाद बिना गारंटी के 3 लाख रुपये तक का ऋण (5 प्रतिशत अनुदान के साथ) उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर ने इनके उत्पादों के विक्रय हेतु शिल्प मेलों के आयोजन के निर्देश दिए। वृंदावन ग्राम योजनाः जिले के पांचों विकासखंडों में चयनित वृंदावन ग्रामों में सभी विभाग के अधिकारियों को भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा गया।

### महिलाओं के कौशल पर विशेष ध्यान

कलेक्टर ने विशेष रूप से छतवई हस्तशिल्प केंद्र की महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को कालीन निर्माण के अलावा बाजार की मांग के अनुसार अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में आईटीआई, पॉलीटेक्निक, उद्योग, श्रम, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि और ओरिएन्ट पेपर मिल (ओपीएम) के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.**

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025-26/1894 **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** धनपुरी दिनांकः-24/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनॉक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1806-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470090_1 | Construction/Maintenance of RCC Covered drain at ward no 24 Durga mandir to Hari Singh house. | 60 दिवस 5.44 लाख | 2000/- एवं 5440/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 2 | 1807-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470091_1 | Construction of RCC Covered drain at ward no 17 Geeta Shukla house to Villias Tiraha. | 60 दिवस 5.65 लाख | 2000/- एवं 5650/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 3 | 1808-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470092_1 | Construction of Cultural Stage at ward no 05 Behind Hospital Near OHT. | 60 दिवस 6.04 लाख | 2000/- एवं 6040/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 4 | 1809-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470093_1 | Construction/Maintenance of RCC Covered Drain at ward no 05 Near Khermata Mandir to Iraqui and Different Places. | 60 दिवस 6.89 लाख | 2000/- एवं 6890/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 5 | 1810-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470094_1 | Construction of RCC Covered Drain at ward no 03 Deepak house to Manglani house. | 60 दिवस 7.88 लाख | 2000/- एवं 7880/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 6 | 1811-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470095_1 | Construction of RCC Covered Drain at ward no 09 Lakhan Loniya house to Naala. | 60 दिवस 8.13 लाख | 2000/- एवं 8130/- | 06/01/2026 05:30PM |
| 7 | 1812-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470158_1 | Construction of RCC Ghat at ward no 24 Saraikapa Road puliya. | 60 दिवस 10.03 लाख | 2000/- एवं 7550/- | 23/01/2026 05:30PM |
| 8 | 1837-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470607_1 | Construction of Community Hall at ward no 14. (Third Call) | 60 दिवस 67.80 लाख | 2000/- एवं 51000/- | 09/01/2026 05:30PM |
| 9 | 1838-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470608_1 | Construction of Community Hall at ward no 21. (Third Call) | 60 दिवस 68.57 लाख | 2000/- एवं 51500/- | 09/01/2026 05:30PM |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.**

# अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई गई सुशासन की शपथ



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूँगा/रहूँगी और शासन को अधिक पारदर्शी,सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करता रहूंगा/ रहूंगी । प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी। इस अवसर पर जिला आयुष कार्यालय, उप तहसील बरबसपुर सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में भी सुशासन दिवस की शपथ कर्मचारियों को दिलाई गई । इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, प्रभारी एस डी एम बाँधवगढ़ कमलेश नीरज, एस एल आर सतीश सोनी सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल उमरिया में निशुल्क परामर्श शिविर आज

**उमरिया।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी उमरिया व्दारा जिला चिकित्सालय उमरिया में निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन एस एस कुमरे चेयरमैन मप्र रेडक्रास सोसायटी के मुख्य आतिथ्य में 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से जिला अस्पताल उमरिया मे किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश के विख्यात डाक्टरों द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी जाएगी।

### युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन कल

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शासकीय आईटीआई कॉलेज उमरिया मे युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसंबर को किया गया है। इस अवसर पर कंपनी मैनेजर एवं समस्त एच आर उपस्थित रहेंगे। मेले में रायवा फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विसेज, श्रीराम फायनेंस उमरिया, एसबीआई लाइफ इंशोरेंस उमरिया, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, एसआईआर अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री रायसेन मप्र, भीलवाडा राजस्थान, परफेक्ट सल्यूशन सर्विसेज कंपनी भाग लेगी।

### सुशासन दिवस पर पीटीएस उमरिया में दिलाई गई सुशासन की शपथ



**उमरिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के 1 दिन पूर्व 24 दिसंबर 2025 को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर इकाई के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओं को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई ।

### 10 जनवरी को वृहद सनातन एकता यात्रा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के ठाकुर बाबा धाम के बगल में मैदान मे 10 जनवरी को वृहद सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें कई महान सनातनी संत एवं नगरवासियों को लेकर हिंदू जागरण के लिए एक सनातन यात्रा होनी है। माघ के पवन माह में 03 जनवरी से 10 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा एवं 10 एवं 11 जनवरी को निःशुल्क त्रिकाल दर्शी दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा। मां मतांगी दिव्य दरबार मे डाक्टर प्रेमासाई उपस्थित रहेंगे।

### आपसी लड़ाई में टूटी हड्डी

**कोतमा।** थाना अंतर्गत गढ़ी गांव निवासी अर्जुन साहू 49 साल के साथ रामभजन साहू के द्वारा अश्लील गाली गलोज देते हुए, जमकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। मारपीट करने से फरियादी की हड्डी भी टूट गई। घायल की शिकायत एवं मेडिकल उपरांत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बैंक से कर्जा लिए जाने की बात को लेकर रामभजन साहू के द्वारा विवाद करते हुए अभद्र गाली देते हुए डंडे से जमकर मारपीट की गई।

### तेज रफ्तार वाहन के चालक ने वृद्ध को किया घायल

कोतमा। थाना अंतर्गत रेउला गांव में तेज रफ्तार वाहन चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए नंदलाल कोल 63 वर्ष को दुर्घटना करते हुए घायल किए जाने का मामला सामने आया है। घायल को स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। थाने में की गई रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दो पहिया वाहन चालक स्वरूप सिंह गोंड के खिलाफ दुर्घटना संबंधी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच कर रही है।बताया जाता है कि गांव में ही हुए हादसे की ठोकर से दाएं हाथ, पसली एवं पांव में चोट आई है।

# नवांकुर मासिक संवाद बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर मासिक संवाद बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। संवाद बैठक का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम डामोर संभाग समन्वयक द्वारा नवांकुर कार्य योजना के अनुरूप सभी नवांकुर संस्थाओं को नियोजित ढंग से कार्य करने एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को सक्रिय बनाए रखने हेतु निरंतर बैठकों एवं गतिविधियों के संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात जल संचय अभियान 2025 अंतर्गत 15 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक किए जा रहे बोरी बंधान कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिवसों की कार्ययोजना साझा की गई। साथ ही डॉ पोर्टल पर समयबद्ध एवं अद्यतन अपलोडिंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक रविन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा नवांकुर संस्थाओं के त्रैमासिक कार्य योजना अनुसार आदर्श ग्राम विकास के अंतर्गत संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, नवांकुर सखी नर्सरी एवं वाटिका के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक कार्यों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में संभाग विकासखण्ड मानपुर समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम करकेली के नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन सिलौढ़ी , पैगाम



फाउंडेशन उमरिया, कांता देवी अंत्योदय सेवा समिति , व्यास धाम सेवा समिति के प्रतिनिधि तथा विकासखण्ड मानपुर से नवांकुर संस्था प्रतिनिधि , जया सेवा समिति, यूथ फार यूनिटी, राम कृष्ण शोध संस्थान, उत्सव ग्रामीण विकास सेवा संस्थान , ज्ञानगंगा शिक्षा समिति तथा विकासखण्ड पाली से नवांकुर संस्था प्रतिनिधि तरुण शिक्षा समाज कल्याण समिति, नगर विकास प्रस्फुटन समिति, नंदिनी समाज कल्याण समिति, वैशाली फाउंडेशन समिति के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही ।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूलों में छात्राओं को प्रदाय की जा रही जानकारी



**उमरिया।** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 5 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक प्रथम चरण के कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. परमेश्वर सिंह मरावी के निर्देशन, अभियान नोडल प्रभारी डॉ.नियाज अहमद अंसारी,सह प्रभारी डॉ राजीव तिवारी के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्कूल कालेज संपर्क कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों की टीम द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा,उपलब्ध पाठ्यक्रम,करियर अवसरों तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु परामर्श सत्र एवं संवादात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय के कुल 18 प्राध्यापकों ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग 300 विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर उन्हें उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रमों,करियर अवसरों तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इन विद्यालय विजिट के दौरान प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को विषय चयन, करियर अवसर, महाविद्यालय की सुविधाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी प्रदान की। संवादात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

# शहडोल संभाग की धरा पर अंकित हैं प्रभु राम के पद चिन्ह

## राम वन गमन पथ को धाम घोषित करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। चित्रकूट के बाद भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का एक बड़ा और महत्वपूर्ण काल मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग में व्यतीत किया था। यह केवल जनश्रुति नहीं, बल्कि आज भी मौजूद प्रमाणों और शास्त्रीय उल्लेखों से पुष्ट तथ्य है। यह बात जे.पी. साहू, विश्व सनातन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष, ने शोध आधारित संबोधन में कही।**

उन्होंने दस्तावेजों और ऐतिहासिक स्थलों का हवाला देते हुए बताया कि चित्रकूट से प्रस्थान के बाद प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण सतना, पन्ना (पहाड़ी खेरा), कटनी (भरभरा) और जबलपुर (रामघाट) होते हुए शहडोल संभाग की सीमा में प्रवेश करते हैं। साहू ने संभाग के तीनों जिलों उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में स्थित उन स्थलों का उल्लेख किया, जो राम वन गमन पथ के सशक्त प्रमाण हैं। उमरिया जिले में महानदी और सोन नदी के संगम पर स्थित दरबार सोनभद्र (बिजौरीज गांव) को उन्होंने वह स्थल बताया, जहाँ प्रभु राम ने अपने पिता राजा दशरथ का श्राद्ध किया था, जिसे दशरथ घाट कहा जाता है। साथ ही बांधवगढ़ (ताला) स्थित प्राचीन राम मंदिर को भी राम के आगमन का प्रमाण बताया। शहडोल जिले के जयसिंहनगर से 15 किमी दूर गंधिया ग्राम में प्रभु राम द्वारा 11 रात्रि विश्राम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भी वहां माता सीता की रसोई के पत्थरों पर बने निशान मौजूद हैं। अनूपपुर जिले के जरां टोला (खुडरी) के समीप कनवाई क्षेत्र में बनीं नदी के तट पर प्रभु राम द्वारा स्थापित



शिवलिंग आज भी पूजनीय है, जो उनके प्रवास का जीवंत प्रमाण है। जे.पी. साहू ने प्रशासनिक उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब नेताओं के नामों के बड़े-बड़े बोर्ड लग सकते हैं, तो प्रभु राम के वनवास स्थलों पर पहचान चिन्ह क्यों नहीं। उन्होंने गंधिया, कनवाई और ताला जैसे स्थानों पर राम वन गमन पथ के स्थायी व भव्य बोर्ड लगाने और इन्हें विधिवत 'धाम' घोषित करने की मांग की उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमरकंटक और बांधवगढ़ जैसे स्थल पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि सनातन आस्था के तीर्थ हैं अंत में उन्होंने सनातनी समाज से अपील की कि दूर-दराज के पर्यटन स्थलों पर जाने से पहले अपने संभाग की इस पावन धरा को जानें और नमन करें, जहाँ स्वयं प्रभु राम के चरण पड़े थे।



# जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जल संचयन की पहल

**हरिभूमि न्यूज जमुना कोतमा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत सेक्टर 04 के चुकान मुक्ति धाम (बाकी नदी) क्षेत्र में जल संचयन अभियान के तहत एक सराहनीय पहल देखने को मिली। दिनांक 24 दिसंबर को नवांकुर संस्था पसान, विभिन्न प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा सामूहिक श्रमदान करते हुए 45 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जल संचयन, संरक्षण और उसके महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि तेजी से गिरता भू-जल स्तर आज गंभीर चिंता का विषय है और इसे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बोरी बंधान से बहते हुए एवं वर्षा जल को रोका जा सकेगा, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी और भविष्य में कृषि कार्यों, पशु-पक्षियों तथा आमजन के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अभियान में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान (नवांकुर संस्था) के अध्यक्ष विजय जयसवाल, प्रस्फुटन समिति पसान, भालूमाड़ा, भलवाही, चुकान, बरतराई, आमाडांड, मलगा के सदस्य, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने श्रमदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जन अभियान परिषद ने बताया कि जल संचयन अभियान का उद्देश्य केवल संरचनात्मक कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को दैनिक जीवन में जल बचाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

# वाश ऑन व्हील सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पीपीटी के माध्यम से बैठक में दी गई जानकारी

**अधिकारियों को दिये गये आवश्यक निर्देश साझा की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए, वॉश ऑन व्हील (wow) सेवा जिले में प्रारंभ हो चुकी है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के उद्देश्य को साकार रूप देने कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और एडीएम नीलांबर मिश्र की मौजूदगी में समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वॉश ऑन व्हील (WOW) सेवा का उपयोग अन्य विभागों के अधिकारी, स्वच्छता साथियों को निर्धारित शुल्क अदा कर उठाएं।



स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने समय सीमा की बैठक में वॉश ऑन व्हील सेवा अभियान के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एक कॉल पर चलित सफाई सेवा का लाभ आमजन उठा सकेंगे। श्री सैनी ने बताया कि समस्त तहसील और जनपद पंचायत मुख्यालयों पर पीपीटी के माध्यम से वाश ऑन व्हील सेवा से संबंधित जरूरी जानकारी साझा की गई है। उल्लेखनीय है कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील (SS-WOW) तैयार किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री सैनी ने बताया कि स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर,प्रचार प्रसार की गतिविधियां,सुरक्षा, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई अनवरत रूप से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचालयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निर्धारित निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से संस्थागत शौचालय की नियमित साफ सफाई स्वच्छता साथियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से करवाएंगे एवं निर्धारित दर पर उनका भुगतान किया जावेगा।

# कोतमा को मिली बड़ी विधिक सौगात

## राजेश शर्मा बने सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक

**हरिभूमि न्यूज, जमुना/बदरा।** कोतमा क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है कि राजेश शर्मा, निवासी वार्ड क्रमांक 2, कोतमा को भारत सरकार द्वारा नोटरी पब्लिक नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधिक कार्य विभाग द्वारा जारी सर्टीफिकेट आफ प्रेक्टिस के अनुसार उन्हें नोटरीज अधिनियम 1952 के अंतर्गत नोटरी के रूप में अधिकृत किया गया है। जारी प्रमाण पत्र में उल्लेख है कि राजेश शर्मा आगामी पांच वर्षों की अवधि के लिए कोतमा क्षेत्र में नोटरी के रूप में विधिक कार्य संपादित करेंगे। यह प्रमाण पत्र 23 दिसंबर को भारत सरकार की अधिकृत मुहर एवं हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया है। इस नियुक्ति से कोतमा एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को शपथ पत्र, अनुबंध, हलफनामे तथा अन्य महत्वपूर्ण विधिक दस्तावेजों के सत्यापन जैसी सेवाएं



अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे आमजन को जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राजेश शर्मा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके सफल व निष्पक्ष कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। वहीं मीडिया जगत की ओर से संतोष चौरसिया एवं समस्त पत्रकार बंधुओं ने भी इस नियुक्ति को कोतमा क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए बधाई प्रेषित की है। यह नियुक्ति न केवल राजेश शर्मा के लिए, बल्कि पूरे कोतमा क्षेत्र के लिए विधिक सुविधाओं की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

# दो दुकानों में ननि ने की तालाबंदी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम की राजस्व वसूली की प्रगति की सतत समीक्षा की जाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली ने निर्देश निगम के राजस्व अमले को दिए गए है।इसी तारतम्य में नगर निगम की राजस्व विभाग की टीम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों की किराया राशि बकाया रहने पर मंगलवार प्रातः सख्त रुख अपनाते हुए बस स्टैंड के दो दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही निगम के राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत की गई, जिसका उद्देश्य बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना तथा निगम आय को सुदृढ़ बनाना है। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि कार्यवाही के दौरान बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 21 संचालन श्री शेख मुहम्मद पर नवंबर 2024 से 33 हजार 358 रुपए का किराया शेष था पूर्व में दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा किराया राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई। इसी प्रकार दुकान क्रमांक 26 के संचालक श्री संतोष कुमार गुप्ता पर जुलाई 2022 से 23 हजार 833 रूपये की किराया राशि बकाया होने पर ताला लगाने की कार्यवाही की गई। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी दो बार जुलाई एवं सितंबर 2025 में नोटिस जारी कर बकाया किराया जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए थे, किंतु निर्धारित समयावधि में भुगतान न होने के कारण निगम प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक, बाजार शाखा प्रभारी विनोद सिंह चौहान, शरद सेन, प्रवीण दुबे की उपस्थिति में नियमानुसार तालाबंदी की गई। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने स्पष्ट किया कि निगम संपत्तियों से संबंधित किराया एवं अन्य देयकों की समय पर अदायगी अनिवार्य है। अन्य बकायेदारों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा गया है कि बकाया राशि जमा करने पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा।

### अधेड़ ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कोतमा।** थाना अंतर्गत गोंडारु गांव में रहने वाले राम प्रसाद पाव 48 वर्ष के द्वारा बुधवार की सुबह घर के सामने स्थित खेत में लगे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि मृतक गंभीर बीमारी से लगातार परेशान रहता था। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव परीक्षण एवं पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### सीईओ के रवैये से विकास कार्य हो रहे प्रभावित

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न पंचायत में विकास के कार्य प्रस्तावित है विकास के कार्यों को मंजूर करने का कार्य जनपद सीईओ द्वारा होता है लेकिन उनके द्वारा अनावश्यक अड़ंगा लगाया जाता है इस कारण से ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहे जनप्रतिनिधि ने बताया कि जनपद सीईओ फील्ड में भ्रमण नहीं करती हैं नहीं ज्यादातर समय ऑफिस में भी हैं इस कारण से पंचायत का कार्य प्रभावित होता है ग्राम पंचायत से लोगों की समग्र आईडी सुधार कर जनपद में भेज दिया जाता है अंतिम सुधार सीईओ की आईडी से होता है वहां से अनावश्यक देरी होती है और पब्लिक परेशान होती है इसी तरह के कई अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर एवं जिला सीईओ से उचित कार्रवाई की मांग की है।

### चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर एवं इन्द्रानगर बायपास यात्री प्रतीक्षालय से आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में रवि यादव (33 वर्ष) निवासी कैलवारा फाटक एवं दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा (30 वर्ष) निवासी नदी पार कैलवारा फाटक, थाना कोतवाली कटनी शामिल हैं। दोनों के कब्जे से दो धारदार चाकू जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। रवि यादव के विरुद्ध 21 एवं दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा के विरुद्ध 25 आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। कार्रवाई में कुठला थाना पुलिस की टीम की भूमिका सराहनीय रही।

### सीएम के प्रस्तावित आगमन पर तैयारियों के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 दिसंबर के प्रस्तावित कटनी आगमन के संबंध में सभी अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने हेलीपैड, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल आदि की सुदृढ़ व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार पटवारी एवं आरआई की ड्यूटी लगाये जाने के भी निर्देश दिए।

### मार्गो में सामग्री न रखने की कराई गई मुनादी

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त मुहिम के तहत सोमवार को झंडा बाजार में अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा झंडा बाजार की विभिन्न गलियों में सार्वजनिक सड़कों में सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों की सामग्री जब्त की जाकर मार्गो के आवागमन को सुगम किया गया। नगर निगम अतिक्रमण शाखा के प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ शहर के कई प्रमुख मार्गों पर मुनादी भी करवाई गई। इसका उद्देश्य भविष्य की कार्रवाई से आगाह करना भी था। जिन क्षेत्रों में मुनादी की गई, इनमें दिलबहार चौराहा, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, रूई बाजार, झंडा बाजार, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, चांडक चौक शामिल हैं। मुनादी में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि कोई व्यक्ति इन क्षेत्रों में दोबारा अतिक्रमण करता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक और चालानी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकर्ता की होगी।

## संगीतमयी भागवत कथा का होगा आयोजन

# निकाली गई भव्य कलश यात्रा





**ब्यौहारी।**

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मैर टोला के ग्राम मंटोला में बाबा तालाब के पास 25 तारीख से 31 दिसंबर तक भव्य संगीतमयी में भागवत कथा का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए पंडित अतुल मिश्रा द्वारा बताया गया की कथा का वचन पं रेखा दीदी द्वारा किया जाएगा 1 जनवरी को भंडारे का आयोजन होगा 24 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुए झांपर क्षेत्र में हो रहे भागवत कथा को लेकर समूचे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण है।

# गोदावल नाला में हुआ बोरी बंधान



**ब्यौहारी**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक शहडोल विवेक पांडे के निर्देशानुसार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवगांव के द्वारा गोदावल नाला में बोरी बंधान किया गया श्री विवेक पांडे जी जिला समन्वयक शहडोल के द्वारा जल संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिती भमरहा फर्स्ट, सुदामा प्रसाद गुप्ता नवांकुर संस्था अयोध्या जन विकास समिति देवराव, सरपंच सचिव रोजगार सहायक परामर्शदाता क्रमशः हीरालाल साहू सरस्वती चंद्र विद्या रामेश्वर पाल ज्योति पांडे अर्पिता वैस , नगर विकास प्रस्तुत के अध्यक्ष शिवम गुप्ता सचिव सौरव केसरी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवगांव के अध्यक्ष भैया लाल पाल एमसीएमसी डीपी के छात्र एवं गांव के समाजसेवी की उपस्थितियों में कार्यक्रम संपन्न हुआ निश्चित रूप से बोरी बंधान हो जाने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी पशु पक्षियों को पानी, एवं वाटर लेवल ऊपर आने में मदद मिलेगी।

### संत गाडगे महाराज जी की जयंती संपन्न

**बिरसिंहपुर पाली।** प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया कि संत गाडगे महाराज जी की जयंती रजक समाज द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई रजक जी अपने संबोधन में बताया कि संत गाडगे महाराज जी हमारे समाज में इष्ट देव की संज्ञा प्राप्त है महाराज जी हमेशा धर्म स्वच्छता और भाईचारे के समर्थक थे कार्यक्रम में एडवोकेट सुरेश रजक जी ने अपने संबोधन में शिक्षा आपसी सहयोग पर बल देते हुए कहा कि फिजूल खर्ची शादी समारोह को बंद कर हमें सामाजिक सम्मेलन में शादी करने पर बल दिया इस पर अमल करने की बात कही जयंती समारोह में एडवोकेट सुरेश रजक एडवोकेट दिनेश रजक एडवोकेट किशोर रजत सिल्लू रजक पार्षद शहडोल संजय रजक इत्यादि गढ़मन व्यक्ति उपस्थित हुए।

# जांच के नाम पर हो रही ज्यादती का पीडब्ल्यूडी इंजीनियर ने जताया विरोध

**ब्यौहारी।**

मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संगठन के आह्वान पर पूरे मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अपनी मांगों को लेकर 22 दिसंबर को हड़ताल किया संगठन ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल किया है मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता विजय शुक्ला ने बताया गया कि 1 वर्ष पूर्व संगठन द्वारा मांग की गई थी विभाग में समुचित संसाधन एवं स्टाफ की कमी को पूर्ति किया जाए किंतु आज दिनांक तक संसाधन और स्टाफ उपलब्ध नहीं कराया गया कार्य मैनुअल 70 वर्ष पुराना है इस मैनुअल के तहत तत समय विभागीय अमला श्रमिकों में टाइमकीपर एवं उपयंत्री एवं एसडीओ द्वारा कार्य कराए जाने की पद्धति थी किंतु वर्तमान में कार्य पद्धति में पूर्णता बदलाव कर ठेका पद्धत से कार्य कराया जा रहा है किंतु कार्य की जिम्मेदारी पुरानी पद्धति के अनुसार यथावत है जिम्मेदारी में भी नवीन कार्य पद्धत के अनुसार बदलाव किया जाए कार्यस्थल एवं विभाग में परिक्षण हेतु लैब एवं मशीनरी एवं स्टाफ की पूर्ति आज तक नहीं की गई है जिसे अविलंब पूर्ण किया जाए निर्माण कार्यों की क्वालिटी कंट्रोल हेतु प्रत्येक कार्य एवं उप संभाग में लैब स्टाफ सहित भरती की जाए,जबकी अन्य विभागों एमपी आरडीसी, एमपी बीडीसी, पीआईयू में स्टाफ के अभाव के कारण कार्यों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु लाइव कंसल्टेंसी आदि की व्यवस्था है किंतु इस विभाग में मैदानी अमलों के अभाव के बावजूद ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है संगठन एवं लोक निर्माण विभाग के अभियंता साथी यथार्थ में मैदान पर गुणवत्ता युक्त कार्य करने एवं कराने के पक्षधर है एवं गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक संसाधन एवं स्टाफ की मांग करते हैं जिस पर विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न करते हुए मात्र गुणवत्ता नियंत्रण के नाम पर पेपर बाजी एवं मैदानी अम्लों पर कार्रवाई कर प्रशंसा बटोरने की प्रक्रिया अपनाई जा रही अतः संगठन मांग करता है कि उक्त मांगों की पूर्ति किए जाने के पश्चात ही गुणवत्ता परीक्षण या अन्य निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए मांगे पूर्ण न होने तक संगठन आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर है।



## शासकीय महाविद्यालय बुढार के विद्यार्थियों नें ओ.पी.एम. कागज कारखाना के टिशू पेपर सेक्शन एवं वुड संग्रहालय का कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**बुढार।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के रसायन शास्त्र तथा एम.एससी. के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कागज कारखाना ओरियंट पेपर मिल्स अमलाई का भ्रमण कराया गया, इस दौरान टिशू पेपर सेक्शन एवं मिल परिसर में स्थित वुड संग्रहालय एवं कागज निर्माण की प्रक्रियाओं को छात्रों से भली-भांति परिचय कराया गया। औद्योगिक भ्रमण शासकीय नेहरू महाविद्यालय प्राचार्य डॉ श्रीमती गंगा मिश्रा के दिशा निर्देशन पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नागमणि मानिकपुरी के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ डॉ. सोमा मिश्रा, डॉ. निशा कुमारी, रितिका सिंह, रितेश जैन, श्रीमती प्रिया मिश्रा एवं शिवचरण महरा के अगुवाई में छात्रों को कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ओपीएम संस्थान के तीनों इकाइयों का अवलोकन किया और कागज निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को बारीकी से समझा, वही विद्यार्थियों ने पेपर मिल परिसर में स्थित वुड संग्रहालय का भी भ्रमण के दौरान अवलोकन किया, जहाँ विभिन्न राज्यों में पाये जानें वाले वृक्षों की लकड़ियों के नमूने देखे तथा उनके उपयोग और विशेषताओं की विस्तृत जानकारी से अवगत हुये। ओरियंट पेपर मिल के डी.जी.एम. (एच.आर.) रवि सिंह ने औद्योगिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय बुढार विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अपने कार्यानुभव को साझा किये। इस अवसर पर विपिन गुप्ता द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिल का इतिहास एवं कागज निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन में ओ.पी.एम. संस्थान के डिप्टी मैनेजर (एच.आर.) देवेंद्र द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

# किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी हैं : सी.बी.एम. साईड हेड राजेश वर्मा








### रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट ने - राष्ट्रीय किसान दिवस पर कृषक सम्मान अवसर पर प्रगतिशील किसानों तथा अग्निवीर युवाओं को किया सम्मानित

**बुढार।**

**भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी - चरण सिंह जी की जयंती राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में पूरे उल्लास से रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा ग्राम देवरी नं. 1 में मनायी गई, और कृषि सम्मान समारोह का आयोजन कर क्षेत्रीय प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर कृषि के क्षेत्र में उनकी सफलता को सराहा गया।**

रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा सी.एस.आर. गतिविधियों के अंतर्गत कृषि विकास को एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता के रूप में लिया गया है, और परियोजना क्षेत्र के 58 ग्रामों के किसानों को कृषि आदान सामग्री, जैविक खाद, कीटनाशक, उन्नत कृषि यंत्र एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के सहयोग से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी निरंतर दी प्रदान की जा रही है, जिससे खेती की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में सुधार हो रहा है।

कार्यक्रम में प्रभारी उपसंचालक कृषि अनुराग पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. बी.के. प्रजापति, डॉ. अल्पना शर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत बुढ़ार तथा चन्द्रभान बागरी, गोहपारू एवं लाइजन टीम के अजीत सिंह, सिक्योरिटी टीम से आर.के. सिंह, ग्राम पंचायत देवरी की सरपंच श्रीमती रंजू बैगा, जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती की विशिष्ट उपस्थिति रही।

रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा नें राष्ट्रीय किसान दिवस पर क्षेत्रीय उन्नतशील कृषकों को शुभकामना देते हुये कहाकि - किसान केवल अन्नदाता ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी हैं, रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट का पूर्ण विश्वास है कि - जब किसान सशक्त होगा, तभी गांव, समाज और देश प्रगति करेगा। कृषक सम्मान के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम संकल्पित हैं कि - किसानों को आगे लाना चाहते हैं, जिन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर नवीन खेती को अपनाया है, ताकि वे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन सकें।

रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा नें अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि - रिलायंस सी.बी.एम. आने वाले समय में भी हम किसानों के साथ मिलकर टिकाऊ, लाभकारी और वैज्ञानिक तकनीकि खेती को बढ़ावा देते रहेगे।

रिलायंस सी.बी.एम. के सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहाकि - राष्ट्रीय किसान दिवस किसानों के योगदान को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, और ऐसे किसानों को मंच से सम्मानित किया जाना स्वागत योग्य है क्योंकि - अन्नदाता किसान उन्नतशील एवं कृषि में नवीन तकनीकी अपनाकर कृषि के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे अन्य किसान भी उनसे प्रेरणा लेकर कृषि की दिशा में आगे बढ सकें।

कृषि सम्मान समारोह कार्यक्रम अवसर पर - क्षेत्र के 17 चयनित प्रगतिशील किसानों को अतिथियो नें सम्मानित किया, और कार्यक्रम में पधारे किसान भाईयों को उन्नतशील खेती अपनाने के लिये प्रेरित किया गया, कार्यक्रम अवसर पर रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा संचालित कोचिंग एवं फिजिकल ट्रेनिंग कार्यक्रम से चयनित 4 अग्निवीर युवाओं तथा उनके माता - पिता को भी भव्य समारोह के मध्य सम्मानित किया गया, इस अवसर पर रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड श्री वर्मा ने युवाओं एवं उनके अभिभावकों को सराहनीय उपलब्धि की शुभकामनां दी और चयनित अग्निवीर को प्रदेश एवं संभाग के लिये गर्व का विषय बताया।

उपसंचालक कृषि अनुराग पटेल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की, वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.के. प्रजापति ने रबी फसलों की पैदावार बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय कृषकों को बताये। डॉ. अल्पना शर्मा ने केन्द्र सरकार की जी-रामजी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को योजना का लाभ अर्जित करने आगे आनें की दिशा में प्रेरित किया।

ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रंजू बैगा एवं जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती ने आयोजन के लिये रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में रिलायंस, संस्था के एवं ग्राम के जागरूक युवाओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में देवरी एवं आस-पास के ग्रामींण अंचलों के लगभग 4 सौ किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम खान ने किया और इस सफल आयोजन में सी.एस.आर. टीम के वीरेंद्र प्रजापति, राजकुमार डोलिया, अभिलाष तिवारी, अजय पांडेय तथा समस्त कृषक मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पाली में महिला बाल विकास द्वारा पोष्टिक आहार के महत्व को समझाने आंगनबाड़ियों में सतत कार्य





**बिरसिंहपुर पाली**

समाज से कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए महिला बाल विकास विभाग के व्दारा सतत रूप से प्रयास रत है, और इसे जन अभियान बनाकर समाज की महिलाओं और बच्चों तक इसकी समझ बढाने का काम किया जा रहा है इसी कड़ी में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना पाली द्वारा पोषण काड्र्स के माध्यम से आमजन में पोषण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायतों में कराया जा रहा है, पोषण जागरूकता का मुख्य उद्देश्य आमजन में पोषण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की पहल की गयी। आयु वार सही पोषण आहार की जानकारी देकर लोगो को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के बारे में विस्तार से बतलाया गया। बताया गया की कुपोषित माँ कुपोषित बच्चों को जन्म देती है, इसलिए माँ को पहले कुपोषण से बचाना है ताकि नवजात शिशु जन्म से ही स्वस्थ और तंदरुस्त हो,एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और विकास करता है।इस प्रक्रिया से धीरे धीरे हम कुपोषण की स्थिति को कम सकते है और धीरे धीरे कुपोषण मुक्त परियोजना बनाना है। इसी उदेश्य को लेकर आज पाली नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नं.04 के आंगनबाड़ी केंद्र में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती मोनिका सिनहा सुपर वाईजर गायत्री सिंह ठाकुर की उपस्थिति में। रंग बिरंगी पोषण काड्र्स एवं पोषण से परिपूर्ण थाली के माध्यम छोटे बच्चों की माताओं को पोषण काड्र्स का वितरण किया गया और उनसे अपने बच्चे के दैनिक जीवन में पोषण की जरूरत को समझते हुए काड्र्स उठाने को बताया गया, सभी महिलाओं ने अपने काड्र्स उठाए जिसमें पोषण से परिपूर्ण काड्र्स वार्ड नंबर 04 निवासी श्रीमती मंजू कोल द्वारा उठाया गया,व श्रीमती सितारा कोल द्वारा कार्ड उठाया गया जिसमें सितारा कोल विजयी घोषित हुई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मध्यम कुपोषित है और आंगनबाड़ी के पौष्टिक पाउडर को प्रतिदिन खिलाकर बच्ची का पोषण स्तर ठीक किया जा रहा है। श्रीमती मंजू कोल व सितारा कोल की थाली में पौष्टिक अनाज, दाल,फल सहित अन्य पौष्टिक सब्जियां थी। परियोजना अधिकारी द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया गया और सभी सदस्यों द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना पाली के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी मोनिका सिंहा, सुपर वाइजर गायत्री सिंह ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा विश्वकर्मा,राजश्री कोल आंगनवाड़ी सहायिका कुमारी कोल और स्थानीय महिलाएं मंजू कोल काजल कोल सितारा कोल सहित समस्त लोग उपस्थित रहे।



### उपार्जन केन्द्र में बेहतर व्यवस्थायें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**

धान उपार्जन केन्द्र हीरा देवी वेयर हाउस मानपुर हार पठरा में प्रशासन के आदेशानुसार किसानों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वेयर हाउस में खरीदी प्रभारी विनय गौतम के द्वारा प्रशासनिक आदेश के अनुसार किसानों की धान की उपज को मानकों के अनुरूप खरीदा जा रहा है। खरीदी प्रभारी की कार्यप्रणाली से किसानों को कोई असुविधा नहीं हो रही। खरीदी केंद्र अपनी धान की उपज विक्रय करने आये अन्नदाता सुरेंद्र कुमार ग्राम लखाखेरा, लवकुश शर्मा ग्राम बड़वारा, पतिराम पटेल ग्राम झिंझरी, विनोद कुमार पटेल ग्राम झिंझरी, आशीष रॉय ग्राम बछौली, कमलेश कुमार ग्राम लखाखेरा ने बताया कि हीरा देवी वेयर हाउस में 40 किलो 700 ग्राम की भर्ती की जाती है,केंद्र में बारदाना भी सहजता से उपलब्ध हो गया है, व्यवस्थाएँ भी दुरुस्त हैं।

खरीदी प्रभारी विनय गौतम ने बताया कि 23 दिसंबर तक लगभग 452 कृषकों से 37 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। केंद्र में अपनी धान को विक्रय करने आने वाले कृषकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे खरीदी कार्य मे किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो है।

## खबर संक्षेप



### आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा क्रिसमस डे

**अनूपपुर।** ईसाई समाज का प्रमुख पर्व क्रिसमस डे आज 25 दिसंबर को जिले भर में श्रद्धा उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को लेकर चर्चों घरों और सार्वजनिक स्थलों पर तैयारियां जोरों पर हैं। चर्चों को आकर्षक रोशनी रंगीन झालरों और क्रिसमस ट्री से सजाया जा रहा है वहीं बाजारों में भी पर्व को लेकर रौनक बढ़ने लगी है। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। पादरियों द्वारा प्रभु यीशु के जीवन दर्शन प्रेम करुणा शांति और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। आज सुबह विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ पर्व का शुभारंभ होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पर्व को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सैंटा क्लॉज की वेशभूषा उपहार केक और मिठाइयों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत और बच्चों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समाजसेवी संगठनों द्वारा जरूरतमंदों को भोजन वस्त्र एवं उपहार वितरित करने की भी तैयारियां हो सकती है। क्रिसमस डे केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि प्रेम सद्भाव और मानवता का संदेश देने वाला अवसर है। ईसाई समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों के लोग भी इस पर्व में सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। कुल मिलाकर 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला क्रिसमस डे जिले में शांति खुशी और आपसी प्रेम का संदेश लेकर आएगा जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्णता की ओर हैं।

### मौहरी में 26, जीलंग में 27 व सोनहरा में 28 को आयोजित होंगे कार्यक्रम

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता तथा किए गए कार्यों से ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभ तथा जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाने के उद्धेश्य से वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम मे कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन, जल यात्रा, जल संवाद, श्रमदान, नुक्कड़ नाटक, जन भागीदारी कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही पुरस्कार वितरण का आयोजन परियोजना स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया है कि जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के परियोजना क्रमांक 1 का मुख्य कार्यक्रम ग्राम मौहारी के ग्राम पंचायत के पास 26 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि इसी तरह पुष्पराजगढ़ परियोजना क्रमांक 2 का मुख्य कार्यक्रम ग्राम जीलंग में मिडिल स्कूल के पास 27 दिसंबर को आयोजित होगा परियोजना क्रमांक 3 पुष्पराजगढ़ का मुख्य कार्यक्रम ग्राम सोनहरा के शासकीय मिडिल स्कूल मैदान के पास आयोजित होगा इस कार्यक्रम के लिए वाटर शेड स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कार्यक्रमों में जन अभियान परिषद, आजीविका मिशन, स्कूल शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को सम्मिलित होने के निर्देश जारी किए गए हैं। परियोजना स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय घटक के विभिन्न कार्यक्रम, गतिविधि हेतु जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं वाटरशेड मिशन के विकासखंड प्रोजेक्ट लीडर गणेश पाण्डेय को नोडल अधिकारी तथा वाटर शेड के जिला परियोजना अधिकारी राजेंद्र कोसरिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



## जमीन विवाद से परेशान युवक ने की आत्महत्या

# प्रशासनिक लापरवाही का आरोप

# परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम

### सुसाइड नोट लिख आत्महत्या

नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव निवासी सीताराम सिंह गोंड 40 के द्वारा कुछ लोगों की प्रताड़ना विवाद और पीएम आवास ना बना पाने से परेशान होकर मंगलवार को सुसाइड नोट लिख आत्महत्या कर लिया गया था ।

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

जिसके बाद बुधवार को परिजनों एवं नागरिकों के द्वारा आक्रोशित होकर 2 घंटे तक शव को कोतमा-भालूमाड़ा रोड पर रखते हुए प्रदर्शन किया। दोषियों पर कार्यवाही और विवादित जमीन पर निर्मित निर्माण को हटाए जाने की मांग को लेकर अड़े रहे। सुबह साढ़े 11 बजे के लगभग परिजन एवं नागरिकों के द्वारा शव रख रोड जाम किया गया। जिससे आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झारिया, कॉलरी प्रबंधन सब एरिया एस आनंद, सर्वेयर तुलसी पांडेय, आशीष सिंह सहित भारी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। बताया जाता है कि मृतक को पीएम आवास योजना से मिली राशि के बाद खसरा नंबर 79 की जमीन पर निर्माण कराया जा रहा था। जिस पर विनोद पटेल के द्वारा रोक लगाते हुए विवाद किया जाता रहा और धमकता रहा। विनोद पटेल अपने भाई के साथ मिलकर उक्त जमीन पर जबरन निर्माण भी कर लिया गया। जिस पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका, राजस्व एवं अनुसूचित जनजाति कार्यालय भी शिकायत की गई लेकिन कही से न्याय नहीं मिल सका। मृतक एक वर्ष से राजस्व एवं नपा कार्यालय के चक्कर लगाते हुए भटकता रह गया। इस दौरान मानसिक और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। निर्माण ना होने से नगर पालिका द्वारा लगातार नोटिस देकर राशि की मांग की जाती रही साथ ही खाते पर होल्ड लगा दिया गया। आपराधिक प्रवृति के विनोद पटेल, कामता पटेल की प्रताड़ना से तंग आकर मृतक के द्वारा फांसी लगाते हुए सुसाइड नोट भी छोड़ा गया। पुलिस ने मार्ग जांच करते हुए विनोद पटेल एवं कामता पटेल के खिलाफ प्रताड़ना से मौत की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में टीम सक्रिय है। राजस्व एवं पुलीस अधिकारी के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी एवं विवादित कॉलरी की जमीन पर निर्मित किए गए कब्जे को एक सप्ताह के अंदर ध्वस्त किए जाने के आश्वासन के बाद शव को अंतिम संसार के लिए ले जाया गया। जिसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

#### इनका कहना है

सर्वेयर टीम के द्वारा सर्वे कर कॉलरी की जमीन पर कब्जेदारो को नोटिस देकर प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

**एस आनंद, सब एरिया मैनेजर**
**गोविंदा कालरी**

—————————-

जांच उपरांत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में टीम रवाना की गई है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

—————————-

अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। प्रकिया पूर्ण कर जल्द कार्यवाही की जाएगी।

**दशरथ सिंह**
**तहसीलदार कोतमा**



## आदिवासी कन्या महाविद्यालय छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) मध्य प्रदेश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल (अध्यक्ष) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) अनूपपुर) के निर्देशन में शासकीय तुलसी कॉलेज अनूपपुर में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता) का उद्देश्य मानव गरिमा) समानता एवं न्याय से जुड़े सार्वभौम अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उक्त कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) अनूपपुर के विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया) जिसमें विद्यार्थियों को मानवाधिकारों) भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल के द्वारा प्रदान की गई। शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि न्याय तक सुलभ पहुँच प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में सेतु की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया ने अपने उद्बोधन में मानवाधिकारों की महत्ता) राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक न्याय पहुँचाने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यह बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न) हिंसा या अधिकारों के हनन की स्थिति में वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शासकीय आदिवासी कन्या महाविद्यालय छात्रावास अनूपपुर के अधीक्षिका श्रीमति कमला सिंह एवं छात्राएं व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सौंपा निर्वाचक नामावली

# अनूपपुर जिले से 40570 मतदाताओं के हटाए गये नाम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय निगम सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों कोतमा, अनूपपुर तथा पुष्पराजगढ़ अन्तर्गत 735 मतदान केन्द्रों एवं विनिर्दिष्ट स्थलों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र में विधित प्रारूप-5 में विहित नीति से निर्वाचक नामावली प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली का प्रारूप भी प्रदान किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि के दौरान 9010 मृत, 4717 अनुपस्थित, 25051 स्थानांतरित, 1759 दोहरी प्रविष्टि तथा 33 अन्य कारणों से कुल 40570 निर्वाचक चिन्हित किए गए हैं। जिनके नाम फोटो निर्वाचक नामावली से हटाया गया है। जिले में अन्मेप्ड श्रेणी में दर्ज 4047 मतदाताओं के आइडेंटीफिकेशन के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती है। दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची 17 फरवरी तक अंतिम रूप से तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। आयोग द्वारा मतदाताओं को नाम जोड़ने, नाम हटाने, प्रविष्टियों में संशोधन एवं स्थानान्तरण के लिये वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर पोर्टल एनव्हीएसपी पोर्टल आदि के माध्यम से ऑनलाइन फार्म-6, 7, 8 में आवेदन कर सकते हैं।

# एक दिवसीय इको-पर्यटन अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

मध्य प्रदेश इको डेवलपमेंट बोर्ड, भोपाल के तत्वावधान में वन विभाग के वन परिक्षेत्र अमरकंटक द्वारा इको-पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार, 24 दिसंबर को रुद्र गंगा वन्य क्षेत्र स्थित इको-पर्यटन स्थल पर एकदिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोड़की के 125 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ना, जैव विविधता की जानकारी देना, वन्य प्राणियों की गतिविधियों से अवगत कराना तथा इको-पर्यटन के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रुद्र गंगा क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़ी भू-भाग, जल स्त्रोतों, वन संपदा एवं स्थानीय पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने इको-पर्यटन की अवधारणा, इसके लाभ एवं सतत विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। पर्यावरण प्रेमी एवं सर्प प्रहरी पत्रकार शशिधर अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को सर्पों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा उनके जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक निरंतर चला। यह संपूर्ण कार्यक्रम अमरकंटक वन परिक्षेत्र के रेंजर वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं उनके स्टाफ



के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उपवन मंडल अधिकारी पुष्पराजगढ़ डॉ. लाल सुधाकर सिंह (एसडीओ) ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन एवं जैव विविधता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्षा पार्वती सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं अनूपपुर जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, सेवानिवृत्ति उपवन मंडल अधिकारी प्रदीप खत्री ,अमरकंटक भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद रोशन पनारिया, जमुना सिंह मार्को, हरि लाल प्रजापति, धर्म सिंह मरावी, रामेश्वर पटेल, आकाश सिंह सिकरवार, उदय सिंह धुर्वे, चैन सिंह मरावी, साधना सिंह, अरविंद पटेल सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोड़की के शिक्षकगण सुशीला सिंह, सरला सोनवानी, जगदीश यादव, राकेश जैसवाल सहित विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा। मुख्य अतिथि हीरा सिंह श्याम ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का नैतिक दायित्व है। यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। पेड़-पौधे एवं वन्य जीव हमारे पर्यावरण के वास्तविक संरक्षक हैं। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मध्य प्रदेश इको डेवलपमेंट बोर्ड, भोपाल एवं वन विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## धान की तौल, स्टैंसिल और बोरी सिलाई तक किसानों से कराई जा रही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



खूंटा टोला उपार्जन केंद्र में धान खरीदी भले ही औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई हो, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अब भी पूरी तरह अव्यवस्थित बने हुए हैं। किसानों का आरोप है कि उपार्जन केंद्र पर कर्मचारियों और संसाधनों की भारी कमी के कारण धान की तौल, बोरी पर स्टैंसिल लगाने और बोरी की सिलाई तक का कार्य किसानों को स्वयं करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वे धान बेचने आए हैं, न कि मजदूरी करने। इसके बावजूद उनसे ऐसे कार्य कराए जा रहे हैं जो शासन के नियमों के अनुसार उपार्जन केंद्र की जिम्मेदारी होते हैं। किसानों ने बताया कि केंद्र पर न तो पर्याप्त स्टाफ मौजूद है और न ही व्यवस्था सुचारू है। कई बार तौल में देरी होती है, कभी मशीन उपलब्ध नहीं रहती, तो कभी कर्मचारियों के अभाव में पूरा काम किसानों पर ही छोड़ दिया जाता है। इससे किसानों का समय, मेहनत और पैसाकृतीनों का नुकसान हो रहा है। किसानों का यह भी कहना है कि उपार्जन केंद्र पहले कई दिनों तक बंद रहा, जिससे पहले ही भारी परेशानी झेलनी पड़ी। अब जब केंद्र खुला है, तो अव्यवस्था के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। किसानों ने मांग की है कि उपार्जन केंद्र में पर्याप्त कर्मचारी तत्काल तैनात किए जाएं। तौल, स्टैंसिल और सिलाई का कार्य केंद्र द्वारा नियम अनुसार कराया जाए।



## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिलाई गई सुशासन की शपथ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में सुशासन की शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदेश में सुशासन के उच्च मानदंडों को स्थापित करने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याणकारी एवं जवाबदेह बनाने तथा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिनके द्वारा स्थापित सुशासन के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प इस अवसर पर दोहराया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## छात्राओं के सपनों को मिली उड़ान, उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ी जागरूकता

# शैक्षणिक भ्रमण ने जगाया आत्मविश्वास

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जब मार्गदर्शक संवेदनशील हो और उद्देश्य बेटियों का उज्ज्वल भविष्य हो, तब शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहती, बल्कि प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। इसी भावना के साथ विकास सर के निवेदन पर माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती की छात्राओं का एक प्रेरणादायी शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ, जिसने बालिकाओं के मन में उच्च शिक्षा को लेकर नई आशा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रोफेसर डॉ. विकास सिंह ने छात्राओं के साथ शैक्षणिक संवाद स्थापित करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व, भविष्य की संभावनाओं और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास




से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद औषधीय पौधों की जानकारी गार्ड के माध्यम से दी गई, जहां पौधों की उपयोगिता एवं मानव जीवन में उनके महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। यह जानकारी छात्राओं के लिए प्रकृति, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश बनी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद भी शैक्षणिक संवाद का हिस्सा बने। वहीं विश्वविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन सुविधाओं एवं उच्च शिक्षा से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं के मन से उच्च शिक्षा को लेकर झिझक दूर हुई और आगे पढ़ने की स्पष्ट दिशा मिली। छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। खेल गतिविधियों के अंतर्गत छात्राओं ने स्पोर्ट्स क्लब में कबड्डी खेलकर ऊर्जा, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। इस दौरान संस्था की शिक्षिकाएं सविता प्रजापति, शैल शर्मा, एस. स्वाति राव एवं विद्या राठौर ने भी छात्राओं को ज्ञान, संस्कार एवं आत्मविश्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा कीं, जिससे बालिकाओं को मानसिक एवं बौद्धिक संबल मिला। कुल मिलाकर यह शैक्षणिक भ्रमण केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को दिशा देने वाला अनुभव बन गया, जो लंबे समय तक उनके जीवन में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।